



### एक नजर में

### बाढ़, राहत, खोज एवं बचाव हेतु मॉकड्रिल का किया आयोजन

**गुना।** ट्रेनिंग एण्ड केपेसिटी बिल्डिंग ऑफ डिजास्टर रिस्पॉस टीम ऑफ एमपी, एसडीईआरएफ एवं होम गार्ड्स विभाग द्वारा सिंगवासा तालाब गुना पर बाढ़, राहत, खोज एवं बचाव हेतु मॉकड्रिल का आयोजन किया गया। जिसमें बाढ़ में फँसे हुऐ व्यक्तियों को रेस्क्यू कर सुरक्षित बाहर निकालना, रेस्क्यू के दौरान नाव पलटने पर नाव को सीधा करना एवं विक्टिम को सुरक्षित बाहर निकालना, डीप डायविंग, राफ्ट का उपयोग इत्यादि का डेमोस्ट्रेशन दिया गया।

### चांचौड़ा क्षेत्र के युवाओं को मिला रोजगार का सुनहरा अवसर

**चांचौड़ा।** कार्ड संस्था द्वारा एबीएफ परियोजना के अंतर्गत संचालित स्किल सेंटर ग्रामीण युवाओं के लिए उम्मीद की नई किरण साबित हो रहा है। यहां लोजिस्टिक क्षेत्र में तीन माह का प्रशिक्षण पूरा करने के बाद संस्था ने 35 प्रतिभागियों का चयन टाटा ट्रेंट, जयपुर में स्थायी रोजगार के लिए कराया है। परियोजना प्रबंधक हेमंत श्रीवास्तव ने बताया कि चांचोड़ा विकासखंड और आसपास के वे युवा, जिन्होंने किसी कारणवश पढ़ाई बीच में छोड़ दी थी और बेरोजगारी की समस्या से जूझ रहे थे, उन्हें स्किल सेंटर पर प्रशिक्षण दिया गया।

इस प्रशिक्षण से न केवल उनका आत्मविश्वास बढ़ा है बल्कि अब वे आत्मनिर्भर बनने की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं।

# सेवा पखवाड़ा : जिला चिकित्सालय में स्वास्थ्य शिविर

## विशाल मेगा स्वास्थ्य शिविर में किया महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण




नवभारत न्यूज

**गुना 17 सित. का। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को मध्यप्रदेश के धार जिले के ग्राम भैंसोला से स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार एवं पोषण अभियान और आदि सेवा पर्व, का शुभारंभ किया। साथ ही देश के पहले पीएम मित्र पार्क का शिलान्यास भी किया। इस अवसर पर मध्यप्रदेश के राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव भी उपस्थित थे।**

जिले में महिलाओं के स्वास्थ्य, पोषण, मानसिक और सामाजिक सशक्तिकरण के लिए स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान का आयोजन 17 सितंबर 25 से 02 अक्टूबर 25 तक किया जाएगा। राज्य स्तरीय कार्यक्रम का सजीव प्रसारण जिला चिकित्सालय गुना में दिखाया गया। कार्यक्रम में विधायक गुना पन्नालाल शाक्य, भाजपा जिलाध्यक्ष धर्मेन्द्र सिंह सिकरवार, नगरपालिका अध्यक्ष सविता अरविन्द्र गुप्ता, उपाध्यक्ष धरम सोनी, विकास जैन सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण, कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल, एसडीएम गुना शिवानी पाण्डेय, डिप्टी कलेक्टर एवं सीएमओ मंजुषा खत्री, सीमएचओ डॉ. राजकुमार ऋषिश्वर सहित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी उपस्थित थे। कार्यक्रम पश्चात पोषण आहार किट वितरित की गयी। सेवा पखवाड़ा अभियान के शुभारंभ के अवसर में जिला चिकित्सालय गुना में विशाल मेगा स्वास्थ्य एवं रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में लगभग 5 हजार हितग्राहियों की निःशुल्क स्वास्थ्य स्क्रीनिंग की गई तथा उन्हें विभिन्न स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ प्रदान किया गया। शिविर में जिलेभर से आए नागरिकों को एक ही स्थान पर व्यापक स्वास्थ्य सेवाएँ उपलब्ध कराई गईं। शिविर में मुख्य रूप से ब्लड प्रेशर, शुगर, बीएमआई, टीबी, दंत रोग, नेत्र रोग, कैंसर स्क्रीनिंग, अस्थि रोग, स्त्रीरोग एवं सर्जरी परामर्श की निःशुल्क जांच की गयी। शिविर में आयुष चिकित्सा, फिजियोथेरेपी, पोषण परामर्श, टेलीमेडिसिन सुविधा, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाएँ, सिकल सेल एनीमिया जाँच, मानसिक स्वास्थ्य परामर्श भी किया गया। भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी गुना द्वारा रक्तदान शिविर रेडक्रॉस भवन लगाया गया। सुबह से ही प्रतिभागियों ने रक्तदान कर मानवता का संदेश दिया। शिविर में प्रशासिनक अधिकारी/ कर्मचारियों, विभिन्न सामाजिक संगठनों, जनप्रतिनिधिगण, पत्रकार बंधुओं, आम नागरिकों के सहयोग से अभी तक 674 यूनिट से रक्तदान किया गया। सेवा पखवाड़ा अभियान के अंतर्गत जिला चिकित्सालय गुना में आयोजित विशाल मेगा स्वास्थ्य एवं रक्तदान शिविर ने न केवल हजारों हितग्राहियों को स्वास्थ्य सेवाओं से लाभान्वित किया, बल्कि समाज में सेवा और सहयोग की अमूल्य भावना को भी सशक्त किया।




## रक्तदान शिविर में नपाध्यक्ष सविता गुप्ता, भाजपा जिलाध्यक्ष ने किया रक्तदान

नवभारत न्यूज

**गुना।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75वें जन्मदिन के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा पूरे देश में चलाए जा रहे सेवा पखवाड़े की शुरुआत गुना जिले में भी उत्साहपूर्वक की गई। जिलेभर में स्वच्छता अभियान, स्वास्थ्य परीक्षण और रक्तदान शिविरों का आयोजन किया गया।

सबसे खास पहलू यह रहा कि गुना नगर पालिका अध्यक्ष सविता अरविंद गुप्ता एवं भाजपा जिलाध्यक्ष धर्मेन्द्र सिकरवार ने स्वयं रक्तदान कर समाज के लिए प्रेरणादायक संदेश दिया। उनके इस योगदान को कार्यकर्ताओं और नागरिकों ने विशेष रूप से सराहा। कार्यक्रम का शुभारंभ बुधवार सुबह गुनिया नदी त्रिवेणी संगम पिपरौदा रोड पर स्वच्छता अभियान से हुआ। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह सिकरवार और जिला संगठन प्रभारी गोपाल आचार्य ने कार्यकर्ताओं के साथ श्रमदान किया। अभियान में बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ताओं, जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने हिस्सा लिया। इसी क्रम में प्रधानमंत्री मोदी के जन्मदिन पर उन्हें शुभकामनाएं दी गईं और स्वच्छता का संकल्प लिया गया। इसके बाद शिवा चैरिटेबल ब्लड सेंटर में विशाल रक्तदान शिविर आयोजित किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में युवाओं और कार्यकर्ताओं ने रक्तदान किया। इस दौरान नपाध्यक्ष सविता गुप्ता ने भी रक्तदान किया। उन्हें ब्लड सेंटर की ओर से प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। प्रमाण पत्र में उल्लेख किया गया कि उन्होंने 17 सितम्बर को रक्तदान कर समाज और मानवता के प्रति बहुमूल्य योगदान दिया है। भाजपा जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह सिकरवार और भाजयुमो जिलाध्यक्ष वीरेंद्र सिंह धाकड़ ने उनके इस कदम को सराहते हुए कहा कि जब जनप्रतिनिधि स्वयं आगे आकर रक्तदान करते हैं, तो समाज में सकारात्मक संदेश जाता है। इसी सेवा पखवाड़े के तहत जिला अस्पताल के रेडक्रॉस भवन में महिलाओं और किशोरियों के लिए स्वास्थ्य शिविर भी लगाया गया। यहां बीपी, हीमोग्लोबिन सहित अन्य स्वास्थ्य जांचें की गईं। साथ ही कार्यकर्ताओं और नागरिकों ने मिलकर प्रधानमंत्री मोदी का लाइव प्रसारण भी देखा। भाजपा जिला मीडिया प्रभारी विकास जैन ने बताया कि सेवा पखवाड़ा 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक चलेगा। इसमें रक्तदान, स्वच्छता और स्वास्थ्य शिविर जैसे अनेक कार्यक्रम होंगे।

# अल्पायु में विकासात्मक विलंब एवं दिव्यांगता चिन्हांकन में गुना बनेगा प्रदेश का प्रथम जिला




एनआईईपीआईडी हैदराबाद के विशेषज्ञों ने आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को दिया प्रशिक्षण

गुना। सेवा पखवाड़ा अभियान के अंतर्गत गुना जिले में बुधवार को एक ऐतिहासिक पहल की गई। राष्ट्रीय बौद्धिक दिव्यांगजन सशक्तिकरण संस्थान हैदराबाद के प्रशिक्षकों द्वारा जिले की आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को छह वर्ष तक की आयु के बच्चों में विकासात्मक विलंब एवं दिव्यांगता के लक्ष्णों की प्रारम्भिक पहचान का प्रशिक्षण दिया गया। इस अवसर पर आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को 500 दिव्यांगता चिन्हांकन प्रारम्भिक हस्तक्षेप किट भी वितरित की गईं। कार्यक्रम का आयोजन शुभ विदाई गार्डन में किया गया।

इसमें कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उनके मार्गदर्शन तथा मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अभिषेक दुबे के प्रयासों एवं परिवार संस्था अध्यक्ष पंकज मारू की प्रेरणा से नेशनल थर्मल पॉवर कॉर्पोरेशन (एनटीपीसी) के सहयोग से यह अभिनव प्रयास सम्भव हो पाया।

उल्लेखनीय है कि मध्यप्रदेश में गुना पहला जिला होगा, जहां आंगनवाड़ी केन्द्र स्तर पर ही बच्चों में विकासात्मक विलंब एवं दिव्यांगता के लक्षणों की पहचान की गतिविधियां संचालित होंगी। प्रारम्भिक चिन्हांकन से उपचार समय रहते सम्भव हो सकेगा और चिन्हांकित बच्चों को समाज की मुख्य धारा से जोड़ा जा सकेगा। इस अवसर पर जी. श्री निवासालु, समन्वयक एनआईईपीआईडी हैदराबाद तथा सहायक प्राध्यापक गौतम उपस्थित रहे। उन्होंने आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं एवं जिला दिव्यांग पुनर्वास केन्द्र के स्टाफ को बच्चों के विकास के चरणों और दिव्यांगता के प्रारम्भिक लक्षणों की जानकारी दी।

पंकज मारू ने चिन्हांकन उपरांत दिव्यांगता निवारण संबंधी तकनीकी पहलुओं पर प्रकाश डाला, वहीं मुख्य कार्यपालन अधिकारी अभिषेक दुबे ने दिव्यांगता चिन्हांकन किट के प्रभावी उपयोग का प्रशिक्षण दिया। कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल ने कहा कि अल्पायु में ही दिव्यांगता की पहचान कर लेना अत्यंत जरूरी है। समय रहते उपचार होने से बच्चे मुख्यधारा से जुड़ सकेंगे।

गुना को इस क्षेत्र में अग्रणी बताते हुए उन्होंने आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं से प्रशिक्षण का व्यावहारिक उपयोग कर समाज में सकारात्मक बदलाव लाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में मन संस्थान गुना द्वारा आंगनवाड़ी केन्द्रों में ईसीसीई कार्यक्रम अंतर्गत शाला पूर्व शिक्षा गतिविधियों के संचालन हेतु 3500 बच्चों के लिए प्री-स्कूल किट भी प्रदान की गईं। साथ ही जिले का अब तक का सबसे बड़ा स्वास्थ्य शिविर भी आयोजित हुआ, जिसमें भोपाल, इंदौर और ग्वालियर से आए विशेषज्ञ चिकित्सकों ने सेवाएं दीं।

## विश्वकर्मा जयंती कुंभराज में धूम धाम से मनाई गई निकला भव्य चल समारोह

**कुंभराज।** विश्वकर्मा पूजा के शुभ अवसर पर नगर में विशाल चल समारोह निकालकर धूमधाम के साथ मनाई गई। भगवान विश्वकर्मा को सृजन और वास्तुकला का देवता माना जाता है। इस दिन विश्वकर्मा वंशज अपने क्षेत्र में सुख और समृद्धि के लिए विश्वकर्मा जी की विधिवत पूजा करते हैं और उनका आशीर्वाद मांगते हैं। देवताओं के शिल्पी, निर्माण व सृजन के देवता कहे जाने वाले भगवान विश्वकर्मा जी की जयंती के अवसर पर रात्रि जागरण कर मनाया गया। उत्सव भगवान विश्वकर्मा जयंती में क्षेत्र के नगर से लोग एकत्रित हुए नगर मे जगह-जगह चल समारोह का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। श्रद्धालु नाचते हुए रंग गुलाल उड़ते हुए विश्वकर्मा जी की जय जयकार करते हुए चल समारोह निकाला। चल समारोह नामदेव धर्मशाला से रथ में सवार भगवान विश्वकर्मा जुलूस प्रारंभ हुआ जो मंडी चौराहा, गांधी चौराहा, सरदार बाजार, माता बड़ी, मंडी चौराहा, भमावद चौराहा होते हुए नामदेव धर्मशाला पहुंचा। हवन शांति सामूहिक महा आरती कर समस्त नगर एवं ग्रामवासियों को भोजन प्रसादी करवाई गई।

## डिप्टी कलेक्टर बनीं मोनिका धाकड़, जनप्रतिनिधियों ने दीं शुभकामनाएं



**आरोन।** मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग (एमपीपीएससी) 2024 की अंतिम सूची में आरोन ब्लॉक की ग्राम पहारुआ निवासी मोनिका धाकड़ ने सफलता का परचम लहराते हुए जिले और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। मोनिका का चयन मध्यप्रदेश वित्त सेवा में सहायक संचालक (डिप्टी कलेक्टर स्तर) पद पर हुआ है। उनकी इस उपलब्धि से पूरे ब्लॉक और जिले में खुशी की लहर है। मोनिका, शैतान सिंह धाकड़ की पुत्री हैं और उनकी मेहनत और लगन ने उन्हें यह मुकाम दिलाया है। सफलता की जानकारी मिलते ही क्षेत्रवासियों और जनप्रतिनिधियों का उनके निवास पर बधाई देने का तांता लग गया। पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं विधायक जयवर्धन सिंह ने भी सोशल मीडिया के माध्यम से मोनिका को शुभकामनाएं दीं और उपलब्धि पूरे क्षेत्र के लिए गर्व का विषय है। बधाई देने वालों में नगर परिषद अध्यक्ष अरुणा शैलेश जैन, विधायक प्रतिनिधि मिंटूलाल जैन, पूर्व ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष अरविंद श्रीवास्तव, पार्षद मूलचंद भोरे और मनोज ओझा सहित कई लोग शामिल रहे। सभी ने मोनिका और उनके माता-पिता को पुष्पमालाएं पहनाकर, पुष्पगुच्छ भेंट कर और मिठाई खिलाकर सम्मानित किया। विधायक प्रतिनिधि मिंटूलाल जैन ने कहा कि मोनिका धाकड़ ने न केवल ब्लॉक बल्कि पूरे जिले का मान बढ़ाया है।

## फतेहगढ़ में धूमधाम से मनाया गया विश्वकर्मा उत्सव

**फतेहगढ़।** भगवान विश्वकर्मा जयंती के अवसर पर फतेहगढ़ में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर संघ के स्वयंसेवकों ने समाजजनों का स्वागत किया। उत्सव में इलाके के कई गांवों से विश्वकर्मा समाज के बंधु बड़ी संख्या में शामिल हुए और धार्मिक उत्साह के साथ पूजा-अर्चना की।

कार्यक्रम में समाज की एकता और परंपराओं को संजोए रखने का संकल्प लिया गया। श्रद्धालुओं ने भगवान विश्वकर्मा से क्षेत्र की खुशहाली और समृद्धि की कामना की।




## पेंची में सफाई कर्मचारियों को सम्मानित कर मनाया पीएम नरेंद्र मोदी का जन्मदिन

नवभारत न्यूज

**चांचौड़ा।** देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75वें जन्मदिन के अवसर पर चांचौड़ा विकासखंड की ग्राम पंचायत पेंची में स्वच्छता ही सेवा अभियान का शुभारंभ किया गया। इस मौके पर सफाई कर्मचारियों को सम्मानित कर जन्मदिन मनाया गया। अभियान का आयोजन 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चलाया जाएगा, जिसमें सभी ग्राम पंचायतों में स्वच्छता संबंधी गतिविधियां होंगी।

ग्राम पंचायत पेंची में आयोजित कार्यक्रम में तहसीलदार मयंक खेमरिया, मुख्य कार्यपालन अधिकारी गिरिराज दुबे, खंड पंचायत अधिकारी कदम सिंह मीना, विधायक प्रतिनिधि अनिरुद्ध मीना, मंडल उपाध्यक्ष कोमल जैन, गौरव चौकसे, नंदकिशोर सैनी, पीसीओ भगवान सिंह मीना, सरपंच संघ अध्यक्ष दिलीप सिंह मीना सहित पंचायत सचिव, रोजगार सहायक और बड़ी संख्या में ग्रामवासी मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान तहसीलदार मयंक खेमरिया और सीईओ गिरिराज दुबे ने सफाई कर्मचारी शनि और पंचायत कर्मचारी लखन चौरसिया को माला पहनाकर और साफा बांधकर सम्मानित किया। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि स्वच्छता अभियान केवल एक कार्यक्रम नहीं बल्कि समाज को स्वस्थ और जागरूक बनाने का एक संकल्प है।


## कार्यालय, नगरपालिका परिषद, गुना जिला गुना (म.प्र.)

क्रमांक/2709/ईनिविदा/2025-26 गुना दिनांक-17/09/2025

**विज्ञप्ति कर्मांक 29/ई-निविदा / न.पा, गुना / 2025-26**

निविदा विज्ञप्ति सूचना द्वारा निम्न कार्य हेतु ऑन लाइन निविदायें आमंत्रित की जाती है। अत: जो ठेकेदार इस कार्य को करने हेतु इच्छुक हों वे अपनी-अपनी ऑनलाइन निविदाऐं म0प्र0न0 प्र0 एवं वि0वि0 एस.ओ0आर0 दिनॉक 02.08.2021 से प्रभावशील पर कम/अधिक/एटपार प्रतिशत दर पर प्रस्तुत कर सकते हैं। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाइड https://www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्रं | टेण्डर नम्बर | कार्य का नाम | पी.ए.सी (लाख) ई.एम.डी (रू.) निविदा प्रपत्र की राशि | निविदा प्रपत्र खरीदने की अंतिम तिथि | 1 कार्य की समयावधि 2 आमंत्रण |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | 2025_UAD_452426_1 | नगरपालिका क्षेत्र वार्ड न.24 कृष्णानी कालोनी एवं अन्य स्थानों पर सी सी रोड़ एवं नाली निर्माण | रू. 17.22 लाख रू. 17220/- केवल रू. 2000.00/- | 22.10.2025 | 1-3 माह 2-प्रथम आमंत्रण |

मध्य प्रदेश शासन, नगरीय विकास एवं आवास विभाग मंत्रालय पत्र क. एफ-237/ 2024 / 18-2 दिनांक 06/09/2024 का कड़ाई से पालन किया जावेगा।

note:-
1. टैण्डर कय करने एवं डालने की अंतिम तिथि 22/10/2025 सॉय 5.30
2 टैण्डर खोलने की तिथि 24/10/2025 सॉय 5.30

**श्रीमति सविता अरविन्द गुप्ता, अध्यक्ष, नगर पालिका परिषद, गुना**

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नगर पालिका परिषद, गुना ( म.प्र. )**


**योजनाएं** — सम्मेलन में शहर के लिए करोड़ों रुपये की योजनाएं शामिल की गई हैं

# 19 को नपा गुना के साधारण सम्मेलन में शहर विकास पर चर्चा



नवभारत न्यूज

**गुना। नगर पालिका परिषद गुना का साधारण सम्मेलन 19 सितम्बर को आयोजित किया जाएगा। यह बैठक शुक्रवार दोपहर 3 बजे नगरपालिका सभा भवन में होगी। नपाध्यक्ष सविता अरविंद गुप्ता ने बताया कि परिषद के समक्ष कई महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा होगी। सम्मेलन में शहर के लिए करोड़ों रुपये की योजनाएं शामिल की गई हैं।**

इनमें गुना रेलवे स्टेशन को वल्क वॉटर कनेक्शन की आपूर्ति हेतु 156 लाख रुपये की स्वीकृति के प्रस्ताव रखे गये हैं, जिसमें योजना की संपूर्ण राशि तथा जल कर का प्रतिमाह भुगतान रेल्वे द्वारा किया जायेगा,जिससे नगर पालिका को अतिरिक्त आय होगी तथा वाहर से आने वाले यात्रियों को तथा शहर वासियों को रेल्वे स्टेशन पर शुद्ध पेयजल मिलेगा। जिला न्यायालय से नानाखेड़ी एच पी पेट्रोल पंप तक डामरीकरण निर्माण कार्य के लिए 210 लाख रुपये की स्वीकृति और हनुमान चौराहे से जज्जी बस स्टैंड ओवरब्रिज तक सडक डामरीकरण हेतु 150 लाख रुपये की वित्तीय व प्रशासकीय स्वीकृति जैसे मुद्दे शामिल हैं,ज्ञात हो उक्त दोंनो सडके मुख्यमंत्री सडक अधोसंरचना योजना अंतर्गत विगत पॉच वर्ष पूर्व निर्मित कराई गई थी,जो इस वर्ष अतिवृष्टि के दौरान क्षतिग्रस्त हो गई हैं,जिनकी गारंटी अवधि पूर्व में समाप्त हो चुकी है,इन सडकों के बनने से हमारे सांसद व केन्द्रीय मंत्री महाराज साहब के विकास की सोच तथा भारतीय जनता पार्टी की विकास छवि वाहर से आने वाले नागरिकों को दृष्टिगत होगी साथ ही शहरवासियों को मुख्य मार्ग होंने से आवागमन में सुविधा होगी। श्रीमंत महाराज साहब के मार्गदर्शन व निर्देशन में इस मार्ग पर बने डिवाइडर का सौदर्यकरण व नवीनीकरण, नगर पालिका द्वारा आगामी समय में शीघ्र ही किया जायेगा। इसके साथ ही ऑडिटोरियम जो कि लगभग पूर्णता की ओर है ,शासन द्वारा 300 सीटर ऑडिटोरियम की स्वीकृति प्रदान की गई थी किंतु शहर की आवश्यकता एवं जनसंख्या को दृष्टिगत रखते हुए हमने 600 सीटर कर दिया था। उक्त ऑडिटोरियम में 600 कुर्सियों की खरीद व अन्य कार्यों के लिए 60 लाख रुपये के प्रस्ताव पर भी विचार किया जाएगा। नपाध्यक्ष सविता अरविंद गुप्ता ने बताया कि सभी बिंदु प्रत्यक्ष रूप से शहर वासियों की सुविधाओं से जुड़े हुए हैं,नपाध्यक्ष ने सभी सम्माननीय पार्षदों से दलगत राजनीति से ऊपर उठकर, शहर के विकास में सहयोग व समर्थन करने की अपील की है। नपाध्यक्ष श्रीमती गुप्ता ने बताया कि समस्त 37 वार्डों में दलगत राजनीति से परे होकर 5706.00 लाख के निर्माण कार्य विगत तीन वर्ष में कराये जा चुके हैं ,जिनमें से 14.00 करोड़ के कार्य प्रगति पर हैं। विगत लोकसभा चुनाव के पूर्व कायाकल्प एवं सी एम मोनिट योजनान्तर्गत शहर की लगभग 32 किलोमीटर लम्बाई की डामरीकृत सडकों का निर्माण कराया गया था जैसे ओवर ब्रिज से मारुति शोरूम, अम्बेडकर चौराहे से गोपाल मन्दिर, अम्बेडकर चौराहे से मुख्य डाकघर घर तक, शांति पब्लिक स्कूल से हाटरोड, सदर बाजार, लक्ष्मीगंज, नई सडक, नयापुरा, शास्त्री पार्क, लाहौटी मार्ग, गुरुद्वारे से बैजू चौराहा, बैजू चौराहे से बूढ़े बालाजी, आशीर्वाद हॉस्पिटल रोड, माथुर कॉलोनी सोनी कॉलोनी रोड, भार्गव कॉलोन-नजूल कॉलोनी, न्यू टेकरी रोड, कैंट सदर बाजार, कैंट कोतवाली से पुलिस लाइन, कैची कारखाने से बांसखेड़ी अंडर ब्रिज, रेल्वे स्टेशन रोड, टीआईटी कॉम्पलेक्स से घोसीपुरा, हाटरोड रपटे से कोल्हूपुरा होते हुए नानाखेड़ी मण्डी जैसी कई सडकों का डामरीकरण कराया गया था जो कि ठेकेदार की गारंटी पीरियड में है,जो सडके कहीं कहीं अतिवृष्टि में क्षतिग्रस्त हो गई है उन्हें भी दीपावली पूर्व दुरुस्त कराने के निर्देश ठेकेदारों को दिये गए हैं। जिन्हे वर्षाकाल समाप्त होते ही दीपावली के पूर्व दुरुस्त करा लिया जायेगा, जिससे शहर वासियों को अतिवृष्टि के कारण आवागमन में कहीं कहीं जो परेशानी है,वह भी दूर हो जायेगी तथा अपने त्यौहार उत्साह से मना सकेंगे।

## नि :शुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर मानस भवन में

**गुना।** लायंस क्लब गुना सिटी पारमार्थिक न्यास द्वारा संचालित लायंस नेत्र चिकित्सालय व जिला अंधत्व निवारण समिति के सहयोग से लगातार ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में नि:शुल्क मोतियाबिंद नेत्र परीक्षण शिविर लगाये जा रहे हैं। इसी संदर्भ में 18 सितंबर को मानस भवन गुना में नि:शुल्क मोतियाबिंद नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है एवं गुरूवार को गुना जिले के ग्रामीण क्षेत्र मुहाल कालोनी, झागर एवं शुक्रवार को आरोन, झण्डबा में भी नि:शुल्क मोतियाबिंद नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें मरीजों को लाना ले जाना खाना, चाय, नास्ता, दवाई चश्में, लैंस से लेकर ऑपरेशन तक नि:शुल्क किए जाएंगे।


## कार्यालय, नगरपालिका परिषद, गुना जिला गुना (म.प्र.)

क्रमांक / 2637 निविदा/2024-25 गुना दिनांक-11/09/2025

**विज्ञप्ति कमॉक 37 / ई-निविदा/न.पा, गुना / 2024-25**

**द्वतीय आमंत्रण**

नगर पालिका परिषद गुना जिला गुना द्वारा प्रेम फोटोकॉपी के पास शापिंग कॉम्पलेक्स में निर्मित दुकानों के लीज पर आवंटन हेतु मध्यप्रदेश नगर पालिका अचल संपत्ति अंतरण 2016 एवं नियम 2021 अंतर्गत आनलाइन ई-निविदा आमंत्रण की जाती है जिसकी विस्तृत जानकारी वेबसाइड https://www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्रं | टानलाइन निविदा क्रमांक | संपत्ति का विवरण | संपत्ति का क्षेत्रफल व.फु. | संपत्ति का आरक्षण की स्थिति | आरक्षित मूल्य रू. लाखों में | धरोहर राशि रूपये | निविदा प्रपत्र का मूल्य रू. |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2025_UAD_400226_2 | प्रेम फोटोकॉपी के पास स्थित शॉपिंग कॅम्पलैक्स में दुकान क्रं.01 प्रथम तल | 144.0 | अनुसूचित जाति | 15.50 | 15500 | 2000 |
| 2 | 2025_UAD_400227_2 | प्रेम फोटोकॉपी के पास स्थित शॉपिंग कॅम्पलैक्स में दुकान क्रं.04 प्रथम तल | 144.0 | सामान्य | 15.50 | 15500 | 2000 |
| 3 | 2025_UAD_400228_2 | प्रेम फोटोकॉपी के पास स्थित शॉपिंग कॅम्पलैक्स में दुकान क्रं.05 प्रथम तल | 104.0 | अन्य पिछडा वर्ग | 12.00 | 12000 | 2000 |
| 4 | 2025_UAD_400229_2 | प्रेम फोटोकॉपी के पास स्थित शॉपिंग कॅम्पलैक्स में दुकान क्रं.06 प्रथम तल | 144.0 | सामान्य | 15.50 | 15500 | 2000 |
| 5 | 2025_UAD_400230_2 | प्रेम फोटोकॉपी के पास स्थित शॉपिंग कॅम्पलैक्स में दुकान क्रं.07 प्रथम तल | 144.0 | सामान्य | 15.50 | 15500 | 2000 |

-उपरोक्त निविदाओं के निविदा प्रपत्र ऑनलाइन भुगतन कर क्रय किए जा सकते हैं।
-यह संक्षिप्त निविदा सूचना हे विस्तृत निविदा प्रपत्र की समस्त शर्तें बंधन कारी होगी।
1. निविदा में किसी भी तरह का परिवर्तन आदि होता है जो वैबसाइट पर ही प्रदर्शित किया जायेगा।
1. टैण्डर कय करने की एवं टैण्डर डालने की अंतिम तिथि 06/10/2025 सॉय 5.30
2. टैण्डर खोलने की तिथि 09/10/2025 प्रात: 11.30

**श्रीमति सविता अरविन्द गुप्ता, अध्यक्ष, नगर पालिका परिषद, गुना**

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नगर पालिका परिषद, गुना ( म.प्र. )**